8:26



## अभ्यास प्रश्न

**प्रश्न 1.**
निम्नलिखित प्रश्नों में सही उत्तर पर सही (✓) का निशान लगाइए (लगाकर)-

**उत्तर**

**(क) कार्यालयों में सामान्यतः प्रयोग होता है –**
**(अ)** लोकल एरिया नेटवर्क **(✓)**
**(ब)** वाइड एरिया नेटवर्क
**(स)** मेट्रोपालिटन एरिया नेटवर्क
**(द)** इनमें से सभी

**(ख) सभी वेब ऐड्रेसेज इनमें से किससे शुरु होते हैं।**
**(अ)** HtP
**(ब)** http:// **(✓)**
**(स)** http:/
**(द)** www

**(ग) इनमें कौन सा शब्द एक ब्राउजर है-**
**(अ)** नेटस्केप
**(ब)** वर्ल्डवाइड बेब
**(स)** लॉचर **(✓)**
**(द)** ई-मेल

**(घ) इनमें कौन सा शब्द एक ब्राउजर है-**
**(अ)** बेबसाइट
**(ब)** आई.एस.पी.
**(स)** ब्राउजर **(✓)**
**(द)** हार्डवेयर

**प्रश्न 2.**
रिक्त स्थानों की पूर्ति कोष्ठक में दिए गए शब्दों की सहायता से कीजिए-

**उत्तर**

| | |
|---|---|
| (क) एड्रेस बार पर **वेबसाइट** का नाम लिखते हैं। | (**वेबसाइट**/कम्प्यूटर) |
| (ख) नेट स्केप नेविगेटर **ब्राउजर** होता है। | (**ब्राउजर**/आई.एस.पी.) |
| (ग) ई-मेल देखने के लिए **इन बॉक्स** पर क्लिक करते हैं। | (डायल/**इन बॉक्स**) |
| (घ) इन्टरनेट से जुड़ने के लिए **डायल अप नेटवर्क** खोलते हैं। | (ब्राउजर/**डायल अप नेटवर्क**) |

**प्रश्न 3.**
निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए।
**(क)** वाइड एरिया नेटवर्क क्या होता है?

**उत्तर**
इसे वैन भी कहते हैं। इसमे दो कम्प्यूटर सैटेलाइट के माध्यम से जुड़े होते हैं। इनमें दो कम्प्यूटरों की दूरी किसी दो शहर, राज्य या देश की हो सकती है। जिसे साधारणतः वायरलेस नेटवर्क भी कहते हैं।

**(ख)** ई-मेल भेजने की विधि लिखिए।

**उत्तर**
ई-मेल भेजने के लिए ई-मेल एकाउन्ट खोलना होता है। इसके लिए इन्टरनेट एक्सप्लोरर के एड्रेस बार पर वेबसाइट लिखकर एन्टर बटन दबाते हैं। एकाउन्ट खोलने के लिए साइन इन पर माउस से क्लिक करना पड़ेगा। स्क्रीन पर फॉर्म का चित्र आएगा, जिसमें ई-मेल एकाउन्ट यूजर आई०डी०, पासवर्ड व अन्य जानकारी भरी जाएँगी। | agree वाला बटन दबाते ही बधाई संदेश आएगा। अब मेल बटन को माउस से क्लिक करेंगे। क्लिक करते ही वह यूजर आई०डी० और पासवर्ड माँगता है। यूजर आई०डी० और पासवर्ड लिखने के बाद साइन इन बटन या एन्टर बटन दबाते हैं। संदेश लिखने के लिए कम्पोज बटन पर क्लिक करते हैं। संदेश के तीन भाग होते हैं, पहले वाले भाग में व्यक्ति का ई-मेल एकाउन्ट लिखते हैं और संदेश सबसे नीचे टाईप होता है। तत्पश्चात् send बटन पर क्लिक कर देते हैं, जैसे ही ई-मेल पहुँच जाता है, इसकी सूचना स्क्रीन पर दिखने लगती है।

**(ग)** ई-मेल एकाउण्ट क्या होता है?

**उत्तर**
ई-मेल एकाउण्ट व्यक्ति की पहचान (User ID) तथा उस वेबसाइट का नाम जिस पर वह एकाउण्ट खोला गया है।

**(घ)** किस युक्ति द्वारा किसी सूचना को कुछ सेकण्डों में ही निश्चित व्यक्ति के पास पहुँचाया जा सकता है?

**उत्तर**
ई-मेल द्वारा।

**प्रश्न 4.**
खण्ड 'क' के अधूरे वाक्यों को खण्ड 'ख' की सहायता से पूरा कीजिए (पूरा करके)-

**उत्तर**

| खण्ड 'क' | | खण्ड 'ख' |
|---|---|---|
| वैन में माध्यम | → | सैटेलाइट प्रयोग होता है |
| आई.एस.पी. | → | इन्टरनेट सेवा प्रदान करती है |
| लैन में माध्यम | → | तार होता है |
| मैक्सिमाइज बटन से | → | सॉफ्टवेयर पूरे स्क्रीन पर दिखता है |